तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 23 दिसंबर 2024



12 शहर के चौक-चौराहों में रोज हो रही हैं दुर्घटनाएं...





13 रामायण पढ़ें व आचरण में लाएं, जीवन में होगा परिवर्तन...





राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर










## खबर संक्षेप

### अकलवारा में शिव महापुराण आज से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम अकलवारा में 23 दिसंबर से 31



दिसंबर तक श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण पर समस्त ग्रामवासीयों की सहयोग से श्री शिव महापुराण पुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ 23 दिसंबर को कलश शोभायात्रा निकालकर किया जाएगा। कथा व्यास पीठ पर पूज्य गुरुदेव ब्रम्हलीन पंड़ित टीकाराम शास्त्री के कृपापात्र शिष्य पंड़ित सूर्यकांत तिवारी बिलासपुर वाले होंगे।

### बैठक और जनदर्शन अब सोमवार को

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को ली जाने वाली समय-सीमा की बैठक और जनदर्शन के आयोजन को संशोधित करते हुए अब सोमवार को आयोजित की गई है। कलेक्टर जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से आने वाले आमजन अब अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन अब सोमवार को निर्धारित समय में जनदर्शन में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### महतारी वंदन हितग्राहियों का सम्मान समारोह आज

**मैनपुर।** जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सामुदायिक भवन में 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव होंगे। एवं अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर करेंगी।

### बासीन मड़ई 27 को

**फिंगेश्वर।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम बासीन में 27 दिसंबर को मेला मड़ाई का आयोजन किया जा रहा है। मड़ई में ग्रामवासियों के द्वारा रात्रि कालीन छत्तीसगढ़ी नाचा मोर मयारू बेटा भाटागांव जिला बालोद वाले का कार्यक्रम होगा और 29 दिसंबर को सतनामी समाज बासीन द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई जायेगी। इसके उपलक्ष्य पर रात्रि कालीन छत्तीसगढ़ी आर्केस्टा गोरेलाल बर्मन के कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी सरपंच अन्नपूर्णा पटेल ग्राम बासीन द्वारा दी गई है।

धान खरीदी : संघ ने परिवहन शुरु कराने कलेक्टर व नोडल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# बफर लिमिट से 4 गुना ज्यादा धान जाम जिले के 90 केंद्रों में धान खरीदी हुई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र रसेला, कनसिघी, सिवनी, दुल्ला, कोसमी, चरौदा, पाट सिवनी, परसदा, छूरा सोसायटियों में धान खरीदी तो हो रही लेकिन परिवहन की कमी के कारण क्षेत्र के सभी सोसायटियों में धान जाम पड़ा हुआ है। इससे सोसायटियों को सुखत के कारण खासा नुकसान पहुंचने की संभावना है। वहीं अब जगह की कमी से सोसायटी प्रबंधक भी धान खरीदी करने से हाथ खड़ा करने लगे हैं। ज्ञात हो कि जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला गरियाबंद के द्वारा 16 दिसंबर को बैठक कर धान का उठाव नहीं होने से एवं शेष स्कंद बफर लिमिट से 4 से 5 गुना अधिक होने के कारण 23 दिसंबर को क्षेत्र सहित जिले का समस्त 90 उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी का कार्य बंद रहेगा, इसकी सूचना संघ द्वारा लिखित में कलेक्टर, जिला विपणन संघ गरियाबंद, सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक गरियाबंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक गरियाबंद, प्राधिकृत अधिकारी आदिम जाति सहित सभी विभागों को सूचनार्थ किया गया। सभी खरीदी केन्द्रो में जगह की कमी के कारण खरीदी व्यवस्था चरमरा गई है। मालूम हो कि रसेला उपार्जन केन्द्र में 20 दिसंबर तक 27 दिनों में 714 किसानों से 43139.60 हजार क्विंटल धान खरीदी की गई है जिसमें सिर्फ 1540 सौ क्विंटल का उठाव हुआ है। मोटा धान 21141.60 हजार क्विंटल पतला 10997.20 हजार क्विंटल सरना 9460.80 हजार क्विंटल खरीदी किया गया।

- रसेला उपार्जन केन्द्र में 20 दिसंबर तक 43139 .60 हजार क्विंटल धान खरीदी हुई

### परिवहन नहीं होने से चूहा, दीमक व सुखत से नुकसान होने की आशंका



जगह की कमी के कारण प्राधिकृत अधिकारि रसेला भुवेन्द्र मरकाम, कनसिधी रोहित जगत, कोसमी पंचराम ठाकुर, चरौदा टीकुम सोरी, खडमा वेश नारायण ठाकुर आदि लोगों ने 19 दिसंबर को उपार्जित धान परिवहन कराने के संबंध में कलेक्टर, नोडल अधिकारी, शाखा प्रबंधक को लिखित में आवेदन देकर ज्ञापन सौंपा गया है। हर खरीदी केंद्र में बफर लिमिट से चार से पांच गुणा अधिक धान जाम है जो प्राकृतिक आपदा, चूहा, दीमक, सुखत आदि कारणों से नुकसान पहुंच सकता है परिवहन नहीं होने से सहकारी समिति संघ द्वारा 23 दिसंबर को खरीदी बंद करने का निर्णय लिया गया है। 15 नवंबर से खरीदी शुरू हुई है उसके बाद से परिवहन के नाम पर सप्ताह भर पहले ही कवायत शुरू हुई नतीजतन अब भी लाखों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे सोसायटियों में जाम पड़ा हुआ है। धान का उठाव नहीं होने के कारण सूखत का खामियाजा सोसायटियों को भुगतना पड़ ही रहा है। अब बैमौसम बारिश हुई तो दुबर को दो आषाढ़ वाली कहावत चरितार्थ होगी। हालांकि स्टेक में केप कव्हर लगाया गया है।

# निकाय चुनाव : पार्षद आरक्षण पर ओबीसी महासभा लामबंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ओबीसी महासभा के लोगों का आवाज बुलंद करने ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के नेतृत्व मे ओबीसी जिला इकाई गरियाबंद की बैठक रेस्टहाउस फिंगेश्वर में आयोजित हुई। जिसमें संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा किया गया और अपने अधिकार के लिए संगठित होकर कार्य करने की बातों पर बल दिया गया। कार्यक्रम में ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बताया कि ओबीसी महासभा के उद्देश्यों,ओबीसी महासभा की आवश्यकता, ओबीसी की जनगणना आवश्यक क्यों? है। लंबित आरक्षण, मंडल कमीशन, नगरीय निकाय चुनावों में पार्षद जैसे आरक्षण में ओबीसी आरक्षण में हकमारी हो रही है। ओबीसी महासभा का मुख्य उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों के हितों की रक्षा करना और उनके विकास के लिए काम करना है। यह संगठन ओबीसी समुदाय के लोगों को एक मंच प्रदान करता है जहां वे अपनी समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं और उनका समाधान निकाल सकते हैं। ओबीसी महासभा का मुख्य उद्देश्य ओबीसी समुदाय के लोगों को आबादी के बराबर हिस्सेदारी प्रदान करना है। ओबीसी महासभा ओबीसी समुदाय के विकास के लिए काम करती है और उनके लिए शिक्षा,रोजगार और अन्य अवसर प्रदान करने का प्रयास करती हैं।ओबीसी महासभा ओबीसी समुदाय के लोगों को एक मंच प्रदान करती है जहां वे अपनी समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं और उनका समाधान निकाल सकते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ मे ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू सहित सभी पदाधिकारियों को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, प्रदेश सहसचिव द्वय ओबीसी मनसुखदास ⏭ शेष पेज 12 पर

- ओबीसी महासभा जिला इकाई गरियाबंद का बैठक संपन्न

# राजिम में सैलानियों का लग रहा तांता, रविवार को रही भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



राजिम में सैलानियों का तांता लगा हुआ है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण भारी भीड़ रही। दिन भर पर्यटकों एवं पिकनिक मनाने वालो की आमदरफ्त बनी रही। आने वाले हजारो लोग राजिम में मंदिर और नदियो के बीच इंजाय करते रहे तो सैकड़ों गाड़ियां राजिम से होकर घटारानी-जतमई की ओर बढ़ती रही। बता दें कि 23 से 28 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश होने के कारण ईधर लगातार भीड़ होगी। मालूम हो कि स्कूलों में शीतकालीन अवकाश एवं ठंड के पिक पर आते ही राजिम में घूमने फिरने वाले सैलानियों एवं पर्यटकों का आना प्रारंभ हो जाता है। माह दिसंबर में अच्छी ठंड पड़ रही है। घूमने फिरने के लिए यह समय सबसे सुविधाजनक एवं उपयुक्त माना जा रहा है। इसी दृष्टिकोण से राजिम पर्यटन स्थल में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से सैलानियों का आना प्रारंभ हो गया है। राजिम, छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा पर्यटन केंद्र भी माना ⏭ शेष पेज 12 पर

### नए साल के आगमन में सप्ताह भर शेष

राजिम, छत्तीसगढ़ के मध्य में स्थित है आवागमन की सुविधा अत्यंत सुलभ है इस कारण भी राजिम क्षेत्र सैलानियों की पहली पसंद रहता है। नए साल के आगमन में अब मात्र सप्ताह भर का समय शेष रह गया है। इसलिए लोग नए साल का पहला दिन भगवान श्री राजीव लोचन का दर्शन के साथ ही शुरूआत करते है। फलस्वरुप दिसंबर के अंतिम तारीख व नए साल के प्रथम तारीख में सैलानियों की संख्या बढ़ जाती है। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं बस टैक्सी एवं विभिन्न वाहनों से स्कूलों के माध्यम से शैक्षणिक भ्रमण के लिए भी राजिम आना पसंद करते हैं। भविष्य में राजिम को और भी विकसित कर 25 किलोमीटर के परिधि को राजिम पर्यटन कारीडोर की योजना फलीभूत होती है तो यह क्षेत्र पर्यटन एवं आस्था के बड़े केंद्र के रूप में छत्तीसगढ़ ही नहीं भारत के धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन मानचित्र में इसका विशेष स्थान होगा। राजिम की अभी जितनी प्रसिद्धि है उसमें और चार चांद लग जाएगी।

# तेंदूपत्ता गोदाम का तीन वर्षों बाद भी नहीं हुआ जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 02 किलोमीटर दूर ग्राम नाऊमुडा स्थित गरियाबंद वन मंडल अतंर्गत वन परिक्षेत्र मैनपुर में लघु वनोपज तेंदुपत्ता गोदाम नाऊमुडा में लाखों की लागत से भवन का निर्माण किया गया था लेकिन लगभग 03 वर्ष पहले इस गोदाम में नक्सलियों ने आग लगा दिया था जिससे लगभग करोंडों रूपये के तेन्दुपत्ता जहा जलकर खाक हो गया था वहीं दूसरी ओर यह तेन्दुपत्ता गोदाम आज तक क्षतिग्रस्त टूट फूटकर गिर चुका है जिसका विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कई बार जायजा लिया जा चुका है, इस तेन्दुपत्ता गोदाम को जीर्णोधार का इंतजार है, और इसके स्थान पर नया भवन निर्माण किया जाना आवश्यक हो चला है। नक्सलियों द्वारा आगजनी के बाद टूटकर गिरे यह तेन्दुपत्ता गोदाम की बदहाल स्थिति की यह तस्वीर अपने आप सबकुछ बया कर रहा है। यह तेंदुपत्ता गोदाम की बदहाल हालत को देखकर नक्सली वारदात की लोगों को याद ताजा हो जाती है इसलिए इस जर्जर जल चूके गोदाम को तत्काल हटाकर इसके स्थान पर नया गोदाम निर्माण किए जाना आवश्यक है लेकिन इस ओर अब तक वन विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### पंचायत सभापति ने आंबा केन्द्र का किया लोकार्पण



**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति लोकेश्वरी नेताम ने रविवार को कसाबाय में बोर खनन निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए वे सदा से समर्पित है। इस मौके पर जनपद सदस्य छबीराम ध्रुर्वा,दसरी नेताम कमार विकास अभिकरण अध्यक्ष सुकचंद नेताम, चरण सिंह नागेश, टेलरसिंह नागेश, सियाराम नागेश, युवराज नागेश, लक्ष्मण सोरी, मानसिंह ध्रुर्वा, नरनोराम, भाग सिंह ठाकुर, घनश्यम ध्रुर्वा, सालिक राम नागेश, घनश्यम नागेश, तुलसी सोरी, सोनजी ध्रुर्वा, ईश्वर नागेश, ललिता बाई, राजोबाई, सुकरो ध्रुर्वा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।


हरिभूमि पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468





खबर संक्षेप

## गोपी बने कोपरा मंडल के मंडल अध्यक्ष

**कोपरा।** राजिम विधानसभा के युवा नेता भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला के प्रथम महामंत्री राजिम मंडल के प्रथम महामंत्री को कोपरा मंडल के प्रथम मंडल अध्यक्ष बनाया गया। मंडल अध्यक्ष बनने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालो में सांसद रुपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू, जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीचंद सुंदरानी, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, मंडल निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर सोनवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, अशीष शिंदे, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडारा, कोपरा नगर पंचायत अध्यक्ष नोमेश्वर साहू, नंदू सिन्हा, पूर्व सरपंच घनश्याम पटेल, नेहरू साहू, मोहन ढिढी मिलाप साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल है।



पेज 11 के शेष...

### निकाय चुनाव : पार्षद...

एवं पुनेश्वर देवांगन, रायपुर संभाग अध्यक्ष ओबीसी हेमंत कुमार, समाजसेवी फूल सिंह साहू, रायपुर टीम के युवा ब्रिगेडियर डॉ. विजय कुमार देवांगन एवं प्रशांत यादव, जिला अध्यक्ष फलेन्द्र साहू, जिला उपाध्यक्ष खोमन सिन्हा, बालोद ब्लाक अध्यक्ष ओबीसी पवन कुमार, राजकुमार सिन्हा, गैंदराम यादव, हेमंत सिन्हा, चेतन साहू, जनक साहू, लाकेश सिन्हा, ललित सिन्हा, भागवत सिन्हा, राजु सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, भरत साहू सहित अधिक से अधिक संख्या में समाज प्रमुखों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान किया।

### राजिम में सैलानियों...

जाता है क्योंकि राजिम में त्रिवेणी संगम भगवान श्री राजीव लोचन एवं भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव साक्षात विराजमान है। इस क्षेत्र में 30 से 45 किलोमीटर की दूरी पर जतमई घटारानी एवं चिंगरापगार जलप्रपात भी है। जिसकी खूबसूरती प्राकृतिक दृष्टिकोण से बहुत ही सुंदर है। राजिम से उत्तर में 14 किलोमीटर की दूर महाप्रभु वल्लभाचार्य जी का जन्म स्थान है जो चंपारण के नाम से जाना जाता है। पूरे छत्तीसगढ़ में यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर्यटक न केवल घुमने आते है बल्कि प्राकृतिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण रखते हुए पहुंचते है। चूंकि इस क्षेत्र का विशेष महत्व है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

क्रमांक /1664 / अविअ / वा-1/2024
देवभोग दिनांक 12.12.2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देशबंधु नायक पिता लैबानो, जाति माली निवासी ग्राम सेन्दमुडा, तहसील देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सेन्दमुडा, प.ह.नं. 22. तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 166/2 रकबा 0.04 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है, जिसे आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि परिवर्तित कर पुनः लगान निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्रस्तुत आवेदन के अनुसार आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 30.12.2024 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग

### समस्या : शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या के दबाव के कारण गाड़ियों में हो रही भिड़ंत

# शहर के चौक-चौराहों में रोज हो रही हैं दुर्घटनाएं उपाध्याय चौक का मोड़ बनते जा रहा जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर में बढ़ती आबादी एवं वाहनों की बढ़ती संख्या के दबाव के कारण रोज शहर के कईयो चौक-चौराहो में छोटी-बड़ी गाड़ियो में भिड़ंत हो रही है। सबसे ज्यादा संवेदनशील चौक के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक को जाना जाता है। इस चौक में कई मोड़ है। सदर, गंज एवं रायपुर रोड की ओर से आने वाली वाहन राजिम गरियाबंद की ओर मुड़ती है। वहीं गरियाबंद की ओर से आने वाली वाहन तथा रायपुर की ओर से आने वाली गाड़ियां सदर, गंज की ओर मुड़ती है। यह एक ऐसा चौक है जहां पहुंचते ही हर गाड़ी के चालक असमंजस में पड़ जाते है कि कौन सी गाड़ियां किधर मुड़ेगी ? यह समझ में ही नहीं आता। क्योंकि गरियाबंद की ओर से आने वाली निरंतर रायपुर की ओर भी जाती है और गंज रोड में भी मुड़ती है। ठीक यही हाल रायपुर की ओर से आने वाली वाहनों का होता है। वो वाहन सदर के लिए भी चली जाती है और गंज रोड की ओर भी मुड़ती है तथा इसी चौक से गरियाबंद के लिए भी सीधी चली जाती है। इस चौक में रोज 10-20 गाड़ियों का भिड़ंत होना आम बात है। चौक कई ओर मुड़ी है बावजूद वाहन चलाने वाले इस चौक के पास अपनी गाड़ियां धीमी करना तौहीन समझते है। ब्रेकर तो है ही नही। न ट्रैफिक पुलिस ही है और न रोड डिवाइडर तथा चबुतरा नाम का कोई ठिहा? जैसे शहरो में होता है चबुतरा पर ट्रैफिक सिपाही खड़ा होता है और छतरी ऊपर तना रहता है। बता दें कि सड़क चौड़ीकरण के पूर्व यहां सिगनल लगाया गया था जो निरर्थक साबित हो गया। जब सड़क चौड़ीकरण हुआ तो वह सिगनल कहां गायब हुआ पता ही नही चला। जैसे-जैसे नगर का विस्तार हो रहा है एवं जनसंख्या तथा दुपहिया ,चारपहिया वाहनों की संख्या बढ़ रही है उस अनुपात में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।







### दिन भर रहता है पशुओं का जमावाड़ा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से राजिम पुल शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग है यह सड़क राजधानी से गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग को जोड़ने वाला एक मात्र मुख्य मार्ग है। इस चौक से चंपारण चौक तक रोड के दोनों ओर वाहन एवं चौबीसो घंटे पशुओं का जमावाड़ा रहता है। मार्ग पर बैठे पशुओं से आए दिन दुर्घटना आम बात हो गई है। चूंकि इस मार्ग से एक मार्ग छांटा रोड की ओर मुड़ती है जहां शराब भट्ठी है लिहाजा सुबह 10 से रात 10 बजे तक निर्बाध गति से मदिरा प्रेमियों का आना -जाना लगा रहता है। मार्ग में भीड़ एवं पशुओं का डेरा दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है।

### सिग्नल पर नहीं रहते पुलिस के जवान तैनात

पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक जो नवापारा का मुख्य प्रवेश चौक है वहां चार मार्ग आपस में मिलती है। कौन सी वाहन किधर अचानक मुड़ जाएगी इसका अंदाजा किसी अन्य वाहन चालक को इस चौक में नहीं होता। यह चौक जरूर है किंतु वाहन किस स्थान से परिक्रमा करेगी ये निर्धारित नहीं है। इस चौक पर रोज वीआईपी से लेकर आम वाहन गुजरते है। परंतु न सिग्नल है न ही यातायात पुलिस तैनात है। स्थानीय पुलिस के जवान कुछ विशेष रैलियों एवं वीआईपी मूवमेंट में अवश्य यातायात व्यवस्था को संभालते देखे जा सकते है। किंतु आम दिनों में अव्यवस्था का नजारा होता है। इस चौक पर चालकों को अंदाजा ही नहीं होता कि दूसरे वाहन किस दिशा में जाएगा। केवल अंदाज ही विकल्प है। आवश्यकता है चौक पर स्थाई ट्रैफिक पुलिस की तैनाती ,सिग्नल एवं स्पीड ब्रेकर तथा रोड डिवाइडर जिससे आए दिन होने वाले छोटी-बड़ी दुर्घनाओं से निजाद मिल सकता है।

## सुंदरलाल शर्मा ने ही छत्तीसगढ़ निर्माण की प्रथम संकल्पना की थी : डॉ. श्वेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय में शनिवार को पंडित सुंदरलाल शर्मा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं पंडित सुंदरलाल शर्मा जी की प्रतिमा की पूजन-अर्चन कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक चेतना मंच के सरंक्षक डॉ. श्वेता शर्मा ने कहा कि पंडित शर्मा छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम संकल्पना का थे। उन्होने ने ही सर्वप्रथम पृथक छत्तीसढ़ राज्य की संकल्पना की थी।पंडितजी का विवरण ज्यादा पाठ्य पुस्तकों में तो नही है पर वे आज भी छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानियों एवं अनशन के हीरो के रूप में विख्यात है। जिस प्रकार उन्होने दलितों के उद्धार के लिए कार्य किया वह सराहनीय रहा है। उन्होंने कैसे दलितो को मंदिर में प्रवेश दिलाया यह सब बातें उस युग में के हिसाब से अकल्पनीय है। गांधीजी के साथ भी उनका बीता हुआ समय उनके विशाल व्यक्तत्वि का बखान करता है। गांधीजी ने दलितों के उद्धार के लिए पंडित सुंदरलाल शर्मा जी को अपना गुरू मानते हुए कहा था कि दलितों के विकास की बातें जो केवल मेरे भाषण तक सीमित है आपने उसे अपने क्षेत्र में साकार कर दिखाया। उद्बोधन पश्चात अतिथि स्वागत गीत, नृत्य, भाषण एवं अंतिम में गुरू घासीदास बाबा की जयंती भी मनाई गई। जिसमें पंथी नृत्य प्रमुख आकर्शण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. संजय कुमार साहू ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक विजय कुमार सिन्हा, सिद्धांत पोद्दार, शांति बारले एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## छात्रों ने बिना आग के बनाए सैंडविच और हेल्दी स्नैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा ने शनिवार को रेड डे और कुकिंग विदआउट फायर गतिविधि का आयोजन किया। वहीं छात्रों ने आनंद और शिक्षाप्रद अनुभव प्रस्तुत किया। शुरुआत छात्रों और शिक्षकों द्वारा लाल रंग के परिधानों में की गई, जो ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का प्रतीक है। इस दौरान विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां जैसे क्राफ्ट-निर्माण, कहानी सुनाना और कला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिससे रेड डे का उत्सव और भी रोचक और जीवंत हो गया। मुख्य आकर्षण कुकिंग विदआउट फायर गतिविधि थी, जिसमें छात्रों ने बिना आग का उपयोग किए फलों के सलाद, सैंडविच और हेल्दी स्नैक्स जैसे स्वादिष्ट और रचनात्मक व्यंजन तैयार किए। इस गतिविधि का मूल्यांकन प्रिंसिपल और डायरेक्टर द्वारा किया गया। जिन्होंने छात्रों के प्रयासों और उनकी रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, और सर्वश्रेष्ठ शेफ का खिताब उस टीम को दिया गया जिसने सबसे अनोखा और स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किया। कार्यक्रम में प्रबंधक सेजु जेकब, प्राचार्या बिन्दु जार्ज जेकब उपस्थित थे।




### निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारों में असमंजस

**नवापारा-राजिम।** नगरीय निकायो में वार्ड आरक्षण की स्थिति साफ होने के बाद संभावित उम्मीदवारों में असमंजस की स्थिति देखी जा रही है। बता दे कि नवापारा शहर में 19 दिसंबर को विभिन्न वार्डों में आरक्षण की स्थिति साफ हो चुकी है एवं संभावित उम्मीदवारों ने अब अपनी मनोदशा बना ली है। किंतु चर्चा यह है कि स्कूल एवं कॉलेज में आयोजित होने वाली परीक्षाओं की वजह से चुनाव आगे बड़ने की संभावना बनते दिख रही है। चूंकि निकाय एवं पंचायत चुनाव में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। फरवरी से स्कूलों में परीक्षाओं की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी इसलिए स्कूल के शिक्षक परीक्षा के कार्यों में व्यस्त हो जाएंगे। फलस्वरुप इसका सीधा असर निकाय एवं पंचायत चुनाव में पड़ेगा। 25 दिसंबर को नगर पंचायत,नगर पालिका एवं नगर निगम के अध्यक्ष के आरक्षण की स्थिति भी साफ हो जाएगी परंतु चुनाव तिथि घोषित न होने से उम्मीदवार भी अपना पत्ता नहीं खोल पा रहे है। शहर के राजनीतिक गलियारों में अभी उतना हलचल तेज नहीं हुआ है अलबत्ता संभावित उम्मीदवार दबी जुबान से चौक-चौराहों में अपनी दावेदारी की बाते करके माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। अब सारी स्थिति अध्यक्ष के आरक्षण एवं चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद ही ओरिजनल माहौल सामने आएगा।








Health Town

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



**शोक-संदेश**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणी, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः।।

जन्मदिन 01/08/1962



मृत्युदिन 14/12/2024

**स्व. श्री देवेन्द्र प्रसाद तिवारी जी**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि, स्व. भगवताचार्य पण्डित श्री देवेन्द्र प्रसाद तिवारी जी का स्वर्गवास दिनांक 14/12/2024, दिन : शनिवार को हो गया है, जिनकी अनत्येष्ठा क्रिया एवं ब्रम्हविलिन आत्मा शांति हेतु सह परिवार पधार कर शांति प्रदान करें।

दशगात्र कार्यक्रम
दिनांक : 23/12/2024
दिन : सोमवार

तेरहवीं कार्यक्रम
दिनांक : 26/12/2024
दिन : गुरूवार

स्थान : बस स्टैण्ड चौक, लोहरसी (राजिम)

-:: शोकाकुल परिवार ::-
पुष्कर प्रसाद, किरण प्रसाद,तेज प्रसाद, बालमुकुन्द नित्यानंद, लक्ष्मी नारायण, भावेश, लक्की, राज प्रभात,आशुतोष, लक्ष्य, मोक्ष,राम,कुशाग्र, अनुराग एवं समस्त तिवारी परिवार।

-:: विनीत ::-
माखन प्रसाद तिवारी जी (पिताजी)
मायादेवी तिवारी जी (पत्नी)
ग्राम - लोहरसी (राजिम)
मो.नं.: 9131778132

तालाब कार्यक्रम : 12 बजे होगा।

नोट : जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नही मिल पाया हो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

**समापन :** तीन दिवसीय मानसगान का हुआ समापन

# रामायण पढ़ें व आचरण में लाएं, जीवन में होगा परिवर्तन : मानस परिवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

विगत तीन दिनों से चल रहे मानस पथिक परिवार युगल किशोर सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, इन्दू सिन्हा, भगवान सिंग, पुनम ध्रुव, द्वारा पथिक परब मानस व्यास पीठ में रविवार को वक्ता पेमीन साहू शुक्लाभाठा मगरलोड कृष्ण कुमार निर्मलकर अमेरा, बलौदाबाजार बलराम साहू जी धरमी, बालोद, रानी साहू सेमरा भखारा, प्रमोद साहू खिसोरा, मगरलोड सोनिया साहू बिरकोनी महासमुंद, सुरेन्द्र सिन्हा छुईहा, चिंताराम सेन खल्लारी, सभी की मुल भाव व्याख्यान में रामायण की। इस उपयोगिता को देखते हुए उसके पारायण और अखण्डपाठ लाभदायक तो हैं किन्तु उसका वास्तविक उपयोग तब है जब मनुष्य उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयत्न भी करें। केवल पाठ कर जाना उतना आवश्यक नहीं जितना पढ़कर उस पर चिन्तन करना और उसकी व्यावहारिक बातों पर आचरण करना महत्वपूर्ण है। रामचरितमानस सामाजिक आदर्शों का वृहद दर्पण है। वक्ताओं ने कहा की रामायण में तुलसी दास ने सत्संग को ईश्वरीय ज्ञान का माध्यम बताया है। मानस रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने जनमानस के समक्ष जिस समाजिक आदर्शों की स्थापना की है। उसकी महत्ता और प्रभाव जितना व्यापक और जीवन में प्राण ज्योति का संचार करने वाल है। अदिति, हर्षा, निर्मला जैन, रामबाई ने सुमधुर स्वर से प्रेरक गीत भजन एंव संगीत भुपेन्द्र गंधर्व, राधेश्याम , योगेश साहू की प्रस्तुति दी।





### बच्चों को राम के चरित्र को बताएं व उन्हे संस्कारवान बनाएं

समापन पुर्णाहूति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि लफेदी नेहहरू साहू थे। चन्द्रशेखर साहू ने कहा की वेद भारतीय धर्म के मूल हैं। हिन्दू संस्कृति का आदि स्रोत उन्हीं से प्रवाहित होता है। इस युग के अनुरूप व्यावहारिक जीवन की शिक्षा देने वाले ग्रन्थों में रामायण से बढ़कर उपयोगी दूसरा ग्रन्थ नहीं है। इसकी व्याख्याएं इतनी सरल हैं कि शिक्षित, अशिक्षित सभी उसे आसानी से समझ लेते है। अब जरूरत है मनुष्य को अपने जीवन में आत्मसात करें। विजय कंडरा ने हर घर परिवार में बच्चों को प्रभु राम को चरित्र को बताएं, उनमें सुसंस्कार बनाएं। उन्होंने चिंता व्यक्त किया कि वर्तमान में मनुष्य का स्वभाव स्वार्थी एवं सद्चरित्र के विपरीत है। इस दौरान चन्द्रशेखर साहू, विजय कंडरा,नेहरू साहू, मकसूदन साहू, महेश साहू, राजेन्द्र यादव,किर्तन पटेल, नंदू यादव केआर वर्मा, जनक सिन्हा, ललीत, डॉ. राजाराम सिन्हा, कमला सिन्हा, पार्वती सिन्हा, कृपाराम सिन्हा,आशाकांत रजक, शंकर साहू, चैतुराम तारक,हरख निर्मलकर, गोवर्धन सेन , हेमन्त साहू, घनश्याम ध्रुव, सत्यनारायण सिन्हा, इतवारी सिन्हा, घनश्याम, बिसम्भर, गणेशिया, धनजंय सिन्हा, पुजा सिन्हा, मानिक सिन्हा, लालजी, मोहन,विनोद, राजकुमार उपस्थित थे।

## विधायक इंद्रकुमार, चंपू एवं बजाज आज मानिकचौरी में

**नवापारा-राजिम।** मानिकचौरी के हाई स्कूल मैदान में नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियो के पदभार ग्रहण, भूमिपूजन एवं किसान सम्मान समारोह में 23 दिसंबर को मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू एवं पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेयर हाऊस के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज करेंगे। प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मानिकचौरी एवं जामगांव के समिति प्रबंधक द्वय राजेश कुमार निषाद एवं इंद्रसेन साहू ने बताया कि कार्यक्रम में मानिकचौरी के प्राधिकृत अधिकारी भोजराम साहू एवं जामगांव के प्राधिकृत अधिकारी किशन सिन्हा को पदभार ग्रहण कराया जाएगा। बताया कि इस अवसर पर भूमिपूजन एवं किसान सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में मानिकचौरी एवं जामगांव समिति क्षेत्र के किसान शामिल होंगे।







## कचना धुरवा कॉलेज में वार्षिकोत्सव आज

छुरा। शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 21 से 23 दिसंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों की रचनात्मकता और खेलकूद प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है। उत्सव के पहले दो दिन, महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताएं, साज-सज्जा, रंगोली और व्यंजन प्रतियोगिताओं के साथ आनंद मेला का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला एवं कौशल का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय परिसर में आनंद मेले ने सभी को उत्साह और मनोरंजन से भर दिया। समारोह के समापन दिवस 23 दिसंबर को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सीएच पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में ताकेश्वरी मांझी अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरा , खोमन चंद्राकर, केशरी ध्रुव और केदार ध्रुव शामिल होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा।









प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### इंडियन पब्लिक हाई स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**छुरा।** ग्राम तुमगांव (छुरा) में स्थित इंडियन पब्लिक हाई स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लेखराज ध्रुवा, लेखनारायण सोनी, प्रदीप कुमार साहू, देवकी बाई साहू, चित्रारेखा ध्रुव, रजनी लहरे ने कार्यक्रम की शुरुवात की। कार्यक्रम में माता-पिता के जीवन में महत्व, देश में जवानों और किसानों का महत्व, नशामुक्ति और वृद्धा आश्रम पर नाटक ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता पटेल ने बड़े ही अनोखे ढंग से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी ने भरपूर सहयोग दिया। जिसमें प्रीतम साहू संस्थापक, रेवेंद्र दीक्षित प्राचार्य, प्राची साहू प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगलादेवी राजपूत, हेमलता पटेल, पद्मनी साहू, प्रेरणा साहू, मानसी ध्रुव, रागिनी यादव, यमुना नेताम, दिशा साहू, उषा यादव, सैलेंद्री साहू, जयप्रभा साहू, कीर्ति पटेल, भारती यादव, मोनिका यादव, मोनिस्का यदु, मुस्कान चंद्राकर, मनोज साहू, बिरेंद्र साहू, डिगेश बघेल एवं आईपीएचएस परिवार प्रमुख रुप से शामिल रहे।

### बीएड डिग्री धारी सहायक शिक्षकों को राहत प्रदान करने की मांग

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने राज्य सरकार से अनुरोध करते हुए बस्तर एवं सरगुजा संभाग में 15 महीनों से कार्यरत बीएड डिग्री धारी सहायक शिक्षकों की नौकरी बरकरार रखने कहा है। बीएड डिग्री धारी सहायक शिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं जो बाकायदा परीक्षा में मेरिट लिस्ट में पास हुए है। लिहाजा राज्य सरकार बीएड डिग्री धारी की नौकरी को विभाग में ही समायोजित कर 2900 सहायक शिक्षकों परिवार को राहत प्रदान करे।

### चंद्रसुर मड़ई 27 को

**नवापारा-भेण्डरी।** छत्तीसगढ़ के गांधी पंडित सुंदरलाल शर्मा के गृह ग्राम चंद्रसुर में 27 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि कालीन कार्यक्रम में मनोरंजन हेतु मयारू गंगा सराबोंग ओड़िसा के कलाकार पहंका कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम मोर संगवारी नवयुवक समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से होगा।

**कार्यक्रम :** विधायक ध्रुव ने आदिवासी समाज भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की

# गरीबों और किसानों के रक्षक के रूप में शहीद वीरनारायण की गौरव गाथा सदैव अमर रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 10 किलो मीटर दूर ग्राम धवलपुर में रविवार को सर्व आदिवासी विकास परिषद धवलपुर द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव विशेष रूप से पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व आदिवासी विकास परिशद अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम अध्यक्ष अमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज गुजरात कमलेश व अन्य अतिथि शामिल हुए। विधायक जनक ध्रुव ने कहा की शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे एक सच्चे देशभक्त थे अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उन्होने लोहा लिया। किसानों और गरीबों के रक्षक के रूप में उनके गौरव गाथा सदैव अमर रहेगी। विधायक ने कहा की 10 दिसम्बर से लेकर पूरे माह भर शहीद वीर नारायण सिंह के शहदत पर उनके गौरव गाथा को याद करने के लिए जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। विधायक ध्रुव ने आदिवासी समाज भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।






### शहीद वीर नारायण महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे

जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। जिन्होने गरीबों की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे।

### आदिवासी समाज को संकल्प लेने की जरूरत

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि आज आदिवासी समाज को संकल्प लेने की जरूरत है कि शहीद वीर नारायण सिंह के बताए रास्तों पर चलते हुए समाज और प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना है। इस दौरान कार्यक्रम को अनेक आदिवासी नेताओं संबोधित किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सदाराम ध्रुवा,रामसिंह नेताम, केदार सिंह दाउ, बीएल चुरेन्द्र, जनपद सदस्य चन्दा बारले, सरपंच नारद ध्रुव, बिम्बेश्वरी ठाकुर, किर्ति कपील, महेन्द्र नागेश, मनराखन धुर्वा, घनश्याम नागेश, सावित्री बाई सोरी, बुधराम नेताम, फूलसिंह नागेश, मैनाबई भुंजिया, ढेलुराम नेताम, रामसिंह सोरी, विश्राम नागेश, खेदुराम नेगी, टीकम कपिल, अमृत नागेश, प्रेमसाय जगत, हरिशचंद नेगी, बलिराम नेताम, घनश्याम नागेश, हेमचंद मरकाम, उदेराम नेताम, पवन सिंह नेताम, मूलसिंह धुरर्वा, नंदलाल नेताम, विशेसर दिवान सहित सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष बने नागेंद्र वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी खूबचन्द पारख, जिला प्रभारी मोतीलाल साहू, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ,अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व अपैक्स बैंक के अध्यक्ष अशोक बजाज, मंडल चुनाव प्रभारी शिवशंकर वर्मा, आर्थिक प्रकोष्ट संयोजक विजय गोयल, समाजसेवी किशन सांखला ,जिला मंत्री परदेशी राम साहू ,अशोक गंगवाल की अनुशंसा पर युवाओ के बीच लोकप्रिय भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा को नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष की कमान सौंपी गई हैं। उक्त जिम्मेदारी उन्हें पार्टी के प्रति निष्ठा, समर्पण की भावना, कुशल संगठन व कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने को लेकर दी गई हैं। यह जिम्मेदारी मिलने पर नवनियुक्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने सभी शीर्षस्थ नेताओं का आभार व्यक्त किया एवं कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर आगामी चुनाव में जोर-शोर से कार्य करने की अपील किया। नागेंद्र वर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वालों में नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, पाल सिंह बॉबी चावला, योगेंद्र कंसारी, चुम्मन कंडरा, अजीत चौधरी, मनीष चौधरी, दिनेश सांखला, भूपेंद्र सोनी, मुकुंद मेश्राम, संजय साहू, कैलाश तिवारी, रवि साहू, चेतन साहू, सौरभ सिंटू जैन, राजू रजक, अनुज राजपूत, गुलशन साहू, रामेश्वर देवांगन, आशीष गोलछा, कैलाश साहू, युवराज यादव, चुम्मन साहू, गोपाल साहू, सागर चंद्राकर, अल्ताफ रिजवी, राजेश गिलहरे, विकास चक्रधारी, अंकित मेघवानी, सचिन सचदेव, संजू कंसारी, गोलू यादव, इंद्रजीत ठाकुर, डामन साहू, प्रेम साधवानी, सुमित सोनी, नीतूल देवांगन, राजेश यादव, गोविंदा कंसारी सहित भाजपा के सभी कार्यकर्ता शामिल हैं।

# नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में संवारा जा रहा बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



प्राथमिक एवं माध्यमिक एनपीपी.एस विद्यालय छुरा में बेहतर बदलाव देखने को मिल रहा है। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार निषाद ने बताया कि विद्यालय में नवाचार शैक्षिक और निपुण भारत मिशन से सकारात्मक बदलाव आया है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे निपुण भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य है तीसरी कक्षा तक के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन देना और आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को छात्रों में विकसित करना, जो प्राथमिक विद्यालय नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में किया जा रहा है। जिसमें लगभग 14 से 15 विद्यालय के अध्यापक अपने अभ्यास के बारे में विचार करते हैं। यदि कोई समस्या आ रही है तो समस्या का समाधान शिक्षक संकुल की बैठक में करते हैं। बच्चों के शैक्षिक स्तर को बढ़ाने के लिए विद्यालय में अनेक नवाचार किए गए हैं, जैसे गतिविधि आधारित शिक्षण, कक्षा मुक्त शिक्षण, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, बाल संसद, शिक्षण अभिनव तकनीक आदि नवाचारों के द्वारा शिक्षा दी जाती है। कक्षा एक के छात्र-छात्राओं को खलौनों के मध्यम से भी पढ़ाया जाता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार निषाद को छत्तीसगढ़ सरकार के माध्यम से कलेक्टर द्वारा स्वच्छ विद्यालय अवार्ड से सम्मानित किया है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में स्मार्ट क्लास प्रोजेक्टर 2019 से ही है। विद्यालय के प्रगति पथ पर सभी शिक्षक - शिक्षिकए एवं मार्कदर्शक का सहयोग मिलता रहा है।

### अभनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत बैस निर्विरोध निर्वाचित

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी का संगठन चुनाव मे अभनपुर मंडल अध्यक्ष भरत बैस निर्विरोध निर्वाचित हुये है जिसकी घोषणा चुनाव अधिकारी जिला ग्रामीण महामंत्री छोटेलाल सोनकर द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू,चुनाव सह प्रभारी खेमराज कोसले उपस्थित रहे। भरत बैस युवा मोर्चा मे विभिन्न पदो के साथ ही वर्तमान मे अभनुपर मंडल महामंत्री के रूप मे संगठन का दायित्व निभा रहे थे,भरत बैस तेज तर्रार युवा नेता के रूप पहचाने जाते है,भरत बैस का नाम सामने आने के बाद कोई भी दावेदार विरोध नही किया सर्वसम्मति से उन्हे मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया,भरत बैस पूर्व मंडल अध्यक्ष स्व.बलराम बैस के पुत्र है वह बहुत कम उम्र से ही पार्टी मे संगठन के लिए काम करना प्रारंभ कर दिये थे पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुये बड़े स्तर के नेताओ मे लोकप्रिय है मंडल अध्यक्ष बनने पर विधायक इन्द्रकुमार साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,प्रदीप शर्मा,प्रवीण बजाज, थानूराम वर्मा,किशन शर्मा, दिलीप अग्रवाल,संचित तिवारी, वरूण राठी, मुकेश ढीढी,गौरव शर्मा, शांतनु सिन्हा, झड़ी राम पटेल, जितेन्द्र बंजारे,नान्हे धृतलहरे,वीरेन्द्र साहू, डमरू तारक, लक्ष्कुमार साहू आदि प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष बनने पर बधाई दिया।

# अंतर्निहित शक्तियों के जागरण का सशक्त माध्यम है ध्यान : अर्जुन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण पर प्रथम विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने सूक्ष्म व्यायाम, बीपी 6 उपरांत प्राणायाम का अभ्यास कराया। उद्गित, प्रणव प्राणायाम के साथ ध्यान कराते हुए कहा कि अंतर्मन की शक्ति को जागृत करने का सरल मार्ग ध्यान है। महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग में ध्यान का विशेष महत्व बताया गया है। सिन्हा ने आगे कहा कि श्रीमद् भगवत गीता के अध्याय 6 श्लोक 13 में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने ध्यान की महत्ता को परिभाषित किया है। ध्यान, पंच महाभूतो और सातो चक्र को जाग्रत करती है। कुंडलीनी जागरण का सशक्त माध्यम ध्यान है। सिन्हा ने ध्यान की महिमा बताते हुए कहा कि 6 दिसंबर 2024 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सर्वसम्मति से 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। भारतीय संस्कृति में कृषि परंपरा, खगोलीय अवलोकन हेतु यह दिवस शीतकालीन संक्रांति के रूप में मेल खाता है। 21 दिसंबर को दिन सबसे छोटा एवं रात सबसे बड़ा होगा। भगवान सूर्य भी इस दिन को दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करेंगे। यह शुभ दिन प्राचीन परंपरा को सहेजने, आंतरिक शांति और संतुलन के लिए सहज मार्ग प्रशस्त करता है। इस दिन ध्यान का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने कहा कि योग, सनातन संस्कृति, ऋषि परंपरा की अनमोल देन है। ध्यान, मानसिक शांति और संवेदना के शिखर तक ले जाता है। हमारी भावनाओं को नियंत्रित करता है। वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी ध्यान का विशेष महत्व है।

### ध्यान, तनाव और चिंता के स्तर में कमी लाता है



प्रधान पाठक निर्भय राम ठाकुर ने कहा कि ध्यान, तनाव और चिंता के स्तर में कमी लाता है जिससे मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में सुधार आता है। हमें नियमित रूप से अपने ईष्ट की स्तुति के साथ ध्यान करना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, सुशील कुमार पांडे, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, संजय वर्मा, तरुण साहू स्टाफ पीली बाई, प्रोतिमा शर्मा, रुक्मणी, कविता पटेल, बाल संसद के प्रधानमंत्री मोहन ध्रुव,आकांक्षा प्रिया ध्रुव, लव कुमार, अंकित, लक्की, खुमेश, लुषेण, देवेन्द्र, मोहित, निमिष, पद्मिनी सहित बड़ी संख्या में बच्चों ने ध्यान का लाभ उठाया।

# उर्वशी कर रही हैं महतारी वंदन योजना की राशि का आवास निर्माण में उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले के हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का दूरगामी और आशातीत लाभ मिल रहा है। ऐसा ही एक उदाहरण जिले के आदिवासी बाहुल्य छुरा ब्लॉक के ग्राम कुरेकेरा के सिन्हा दंपति को मिल रहा है। ग्राम पंचायत खड़मा के आश्रित ग्राम कुरेकेरा निवासीगोपालकृष्ण सिन्हा के नाम पर वर्ष 2023-24 में प्र धा न मं त्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। अभी उन्हें पहली किश्त की राशि के तौर पर 40 हजार रुपए मिल चुके हैं जिसकी सहायता से वे छज्जा लेवल तक का निर्माण कार्य पूर्ण करा चुके हैं। वहीं दूसरी ओर उनकी पत्नी उर्वशी सिन्हा को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपए के मान से अब तक 10 किश्त की राशि मिल चुकी है। इस तरह सिन्हा दंपति को एक नहीं, शासन की दो-दो योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इतना ही नहीं, उर्वशी बिहान योजना के तहत जय मां गायत्री महिला स्वसहायता समूह से जुड़कर वर्तमान में 30 हजार रुपए का ऋण लिया है तथा निर्माणाधीन घर को पूरा करने के लिए एक लाख 70 हजार रुपए का ऋण लेने वाली हैं।

■ शासन की दो योजनाओं का एक साथ लाभ मिल रहा सिन्हा दंपति को



### सपना हो रहा है साकार

इस तरह शासन की योजनाओं का लाभ जिले के हितग्राहियों को मिलने लगा है। हितग्राही श्री गोपालकृष्ण ने बताया कि खुद का पक्का और बड़ा आवास उनका तथा परिवार का सपना था, जो आज साकार होने जा रहा है। लेकिन बिना सरकार की मदद के यह सपना, सपना ही रह जाता। उन्होंने कहा कि इसे हकीकत में बदलने का काम प्रधानमंत्री आवास योजना ने किया। वहीं बड़े मकान की मंशा को मूर्त रूप देने में महतारी वंदन योजना एक बड़ा सहारा बनकर सामने आई, क्योंकि इससे मिल रही राशि की बचत कर उसका उपयोग आवास निर्माण के लिए कर रही हैं। उर्वशी ने बताया की महतारी वंदन योजना ले मिले पईसा हमर बहुत काम आवत हे। हर महीना खाता म आए पईसा ल जोड़-जोड़ के घर उठाए म लगावत हन। हितग्राही गोपालकृष्ण और उर्वशी सिन्हा ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार का बारम्बार कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुशासन ही है, विभिन्न योजनाओं से उनकी तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल गई है।

# सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



मैनपुर। अभियान के तहत 65वीं वाहिनी के कमांडेंट राधे श्याम सिंह के निर्देशानुसार ओढ़ में सिविक एक्शन व निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ओढ़ व अमलोर के गांवों से महिलाएं बच्चे एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही बटालियन के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को निःशुल्क चिकित्सीय परीक्षण व निःशुल्क दवाईयां वित्तरित की गई। ग्रामीणों में महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग सभी लगभग 105 लोगों का चिकित्सीय जांच किया गया। जिसमें 31 लोगों का ब्लड सैंपल लिया साथ ही लोगों को जरूरत के अनुसार दवाइयों का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को ओढ़ के कैंप कमांडर द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी व लाभ के बारे में बताया गया। जरुरतमंद ग्रामीणों को दैनिक उपयोग में आने वाली सामान जैसे लुंगी, चप्पल, साड़ी व गमछा इत्यादी वितरण किया गया। कैंप कमांडर ने नक्सलियों द्वारा की जा रही गतिविधियो के संबंध में अवगत करवाते हुए आसपास के ग्रामीणों को भयमुक्त जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं साथ ही उन्होने केरिपुबल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए स्थानीय ग्रामीणों की हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया।



# साहू संघ के पदाधिकारी ने कलेक्टर से मुलाकत की

**गरियाबंद।** 7 जनवरी भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव की तैयारी व्यवस्था को लेकर साहू संघ के पदाधिकारी जिलाधीश से मुलाकात किया। जिला साहू संघ के पदाधिकारी राजिम माता जयंती की तैयारी एवं सुरक्षा वयवस्था संबंधी चर्चा करने कलेक्टर एवं एसपी ऑफिस गरियाबंद में जाकर मुलाकात किए। इस दौरान जिला साहू संघ अध्यक्ष नारायण साहू, जिला सलाहकार केशव साहू, जिला के कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, तहसील साहू संघ गरियाबंद के सचिव रामाधार साहू एवं कार्यालय प्रभारी अंजोर साहू उपस्थित थे।







